राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश
लखनऊ – 226027

संख्या : ई– 977 /जी0एस0
दिनांक : 10 फरवरी, 2022

प्रेषक,

कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति / निदेशक,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

महोदय / महोदया,

उद्यमिता विकास पर विगत काफी समय से केन्द्र सरकार / राज्य सरकार द्वारा बल दिया जा रहा है। इनक्यूबेशन स्टार्टअप (Incubation Startups) के बारे में अनकों योजनायें भी आरम्भ की गई हैं। 'आत्म निर्भर भारत' की दिशा में अनेक प्रकार की गतिविधियाँ नितान्त महत्वपूर्ण हैं। इस सम्बन्ध में कतिपय विश्वविद्यालयों / संस्थानों के कुलपति / निदेशक की उपस्थिति में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद द्वारा भी प्रस्तुतीकरण किया गया था। तदोपरान्त कतिपय विश्वविद्यालयों / संस्थानों द्वारा भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद के साथ समझौता पत्र भी हस्ताक्षरित किया गया है।

इस कड़ी में आपके संज्ञान में लाना है कि महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा 'Incubating Startups in Universities' विषयक एक पुस्तक प्रकाशित कराई गई है। छात्रों को उद्यमिता की ओर प्ररित करने के लिए यह एक अच्छा प्रयास है।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह अनुरोध करने की अपेक्षा की गई है कि कृपया कुलपति, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से पुस्तक की प्रति प्राप्त कर अपने विश्वविद्यालय के संदर्भ में इस विषय पर समुचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(महेश कुमार गुप्ता)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव।